आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

13.09.2019

महाप्रबंधक आरेडिका ने किया नवीनतम विकसित वैल्डिंग लैब, ई–लाइब्रेरी एवं वैल्डिंग सिम्युलेटर का उद्घान।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, स्थित तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में नवीनतम विकसित वैल्डिंग लैब, ई–लाइब्रेरी एवं वैल्डिंग सिम्युलेटर का उद्घाटन महाप्रबंधक, आरेडिका के द्वारा किया गया।

इस उन्नत तकनीक से आरेडिका की पशिक्षण सुविधाओं में अतिरिक्त सुधार होगा, सिससे तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा उत्तम उत्पादकता हेतु कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा। आरेडिका प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक के विभिन्न शाखाओं में वोकेशनल प्रशिक्षण भी करायी जाती है इसके अतिरिक्त तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा सर्टिफिकेशन एवं एक्ट अप्रेंटिस का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र, आरेडिका में भारत सरकार के विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे– प्रोजेक्ट सक्षम, स्किल इंडिया जो की एनसीवीटी एवं आरडीएटी के सहयोग से संचालित हो रही है, में योगदान मिलेगा।

उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर आरेडिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बहुमुखी विकास मे सहयोग मिलेगा साथ हीं वैल्डिंग सिम्युलेशन के द्वारा कर्मचारियों की वैल्डिंग क्षमता का आकलन एवं सुधार संभव होगा। भारत सरकार द्वारा संचालित स्किल इंडिया के तहत वैल्डिंग स्किल डेवलप करने में भी सहयोग मिलेगा।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई अनूप कुमार, सीएओ आलोक कुमार, पीसीएमएम श्रीकांत राय, पीएफए आर.के. मनोचा, पीसीई आर. बी. यादव सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमित 13.09.19.

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी